an>

Title: Need to include Jabalpur in the tourist circuit in Madhya Pradesh.

श्री राकेश सिंह **(जबलपुर) :** मेरा संसदीय क्षेत्र जबलपुर (म0प्र0) पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है। सम्पूर्ण भारत के केन्द्र स्थल भी जबलपुर के नजदीक ही है। पर्यटन की दृष्टि से इस क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेड़ाघाट जहां संगमरमर की चट्टानों के बीच वॉटरफॉल है। इसके अतिरिक्त बरगी डेम, डुमना नेचर रिजर्व, रानी दुर्गावती समाधि स्थल, मदन महल का किला इत्यादि अनेक महत्वपूर्ण स्थानों के साथ जबलपुर से 200 किलोमीटर के रेडियस में देश के प्रसिद्ध नेशनल पार्क, कान्हा नेशनल पार्क, बांधवगढ़ नेशनल पार्क, पेंच नेशनल पार्क, घुघवा फॉसिल्स पार्क, पंचमढ़ी, खजुराहो, अमरकंटक, चित्रकूट इत्यादि स्थित है। अत्यंत महत्वपूर्ण बात यह है कि इन क्षेत्रों में पर्यटन के सभी फ्लेवर सम्मिलित हैं।

जबलपुर में जहां धार्मिक एवं ऐतिहासिक टूरिज्म तथा एडवेंचर टूरिज्म हैं वहीं कान्हा, बांधवगढ़, पेंच, वाइल्ड लाइफ टूरिज्म तथा इको टूरिज्म के लिए जाने जाते हैं। खजुराहो में हेरिटेज टूरिज्म हैं जहां पूरे विश्व के पर्यटक अमरकंटक में धार्मिक तथा इको टूरिज्म हैं, घुघवां फॉसिल्स पार्क में डायनासोर के करोड़ों वर्ष पुराने फॉसिल्स हैं। इस तरह पर्यटकों हेतु सभी आवश्यक पर्यटनीय आकर्षण इस सर्किट में उपलब्ध हैं।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने देश में पर्यटन के 50 नए सर्किट निर्माण तथा उनमें आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर निर्मित करने की घोषणा की है जो अत्यंत सराहनीय है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि जबलपुर (म0प्र0) को टूरिस्ट सर्किट शामिल करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट किया जाए।